RAF SECTOR

NEWS CLIP

26/09/2023

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Savera, Panipat, (Haryana)

आरएएफ का फ्लैग मार्च दिया सुरक्षा का भरोसा

सिटी थाना मौजूद आरएएफ की टुकड़ी और पानीपत पुलिस। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

पानीपत। रैपिड एक्शन फोर्स का एक टुकड़ी सोमवार को लघु सचिवालय में पहुंची। टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे उप कमाडेंट सुनील कुमार, डीसी डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया और एसपी अजीत सिंह शेखावत से मुलाकात की। उन्होंने परिचित अभ्यास के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सोमवार को रैपिड एक्शन फोर्स ने थाना शहर, मॉडल टाउन और थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के एरिया में परिचित अभ्यास किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्रों के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील इलाके और संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। उप कमांडेंट सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और आमजन में सामंजस्य स्थापित करना है। इससे कि भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके।

इस मौके पर सहायक कमांडेंट सतीश कुमार, निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक रणसिंह यादव , निरीक्षक योगेंद्र बसीठा, निरीक्षक देवकरण, एसआई कृपा बाई, शहर थाना प्रभारी जाकिर हुसैन, मॉडल टाउन थाना प्रभारी रेखा और पुराना औद्योगिक थाना प्रभारी वीरेंद्र मौजूद रहें।

Dainik Savera, Panipat, (Haryana)

आरएएफ ने निकाला मार्च, दिया सुरक्षा का भरोसा

पानीपत | रैपिड एक्शन फोर्स ने सोमवार को थाना शहर, मॉडल टाउन और थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के परिचित अभ्यास किया। रैपिड एक्शन फोर्स परिचित अभ्यास के क्रम में तीसरे दिन सोमवार को प्लाटून के सदस्यों ने लघु सचिवालय में पहुंचकर डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया व एसपी अजीत सिंह शेखावत से मुलाकात की। जिले की भौगोलिक स्थिति के बारे में चर्चा की। इसके बाद संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में भी पैदल मार्च किया। ताकि भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। इस अवसर पर सतीश कुमार (सहा. कमान्डेंट), निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक रणसिंह यादव, निरीक्षक योगेन्द्र बसीठा, निरीक्षक देवकरण, उप निरीक्षक कृपा बाई, उप निरीक्षक राजबाला, उप निरीक्षक सरोज झांझरिया, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन, मॉडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा, पुराना औद्योगिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र व 194 आरएएफ के जवान और महिला टीम मौजूद रहीं।

Prabhat Khabar, Chatra, (JKD)

त्योहारों को शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें : एसडीपीओ

बैठक में उपस्थित एसडीपीओ व अन्य.

चतरा. आगामी त्योहारों के मद्देनजर रविवार को सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ अविनाश कुमार ने किया. मौके पर बीडीओ गणेश रजक, थाना प्रभारी शिवप्रकाश कुमार, रैफ के सहायक समादेष्टा निरंजन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे. इस दौरान आगामी त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही गयी. विधि व्यवस्था बिगड़ने पर किस प्रकार माहौल को शांत कराने रैपीड एक्शन फोर्स (रैफ) के जवानो का भूमिका पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी. एसडीपीओ ने बताया कि आगामी त्योहारो को लेकर असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही हैं. करमा, ईद मिलादुन्नबी, दुर्गा पूजा त्योहार शांति, सद्भाव व प्रेम से मनाने की अपील की. थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार को मिलजुलकर मनाये. अमन चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी. बैठक में पुलिस अवर निरीक्षक विकास पासवान समेत कई पुलिस पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के लोग उपस्थित थे.

Gujarat Samachar, Vadodara, (GUJ)

જૂનીગઢીના શ્રીજી : વડોદરામાં શ્રીજી મહોત્સવના ૭મા દિવસે જૂની ગઢીના શ્રીજીની સવારી વાજતેગાજતે નીકળી હતી. આ સવારીમાં શ્રીજી ભક્તોની ભીડ ઉમટી પડી હતી. (તસવીર : કીર્તિ પડિયા)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।